P372

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 13 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 41
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

मोगरे के इत्र से महक उठा यात्रा मार्ग



पेज-2

विनेश ने संन्यास का फैसला वापस लिया



पेज-5

चोइथराम चैरिटेबल ट्रस्ट की बड़ी जीत



पेज-6

# दो साल बेमिसाल : भाजपा करेगी बूथ स्तर तक ब्रांडिंग

## भाजपा मुख्यालय पर होगा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सम्मान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो साल के कार्यकाल की बेमिसाल उपलब्धियों को लेकर भाजपा संगठन के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर ब्रांडिंग करेंगे। सरकारी योजनाओं की मार्केटिंग के लिए योजनाओं के ब्रोशर-लिटरेचर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। भाजपा की बैठक में दो साल बेमिसाल और मप्र को नक्सल मुक्त करने पर सीएम डॉ. यादव का अभिनंदन किया गया।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, महासचिव तरुण चुघ और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित केंद्रीय पदाधिकारियों ने सीएम का अभिनंदन किया और मुंह मीठा कराया। इस मौके पर सभी जिलाध्यक्षों को एसआईआर के संदर्भमें भी टास्क सौंपे गए। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का लोकसभा में एसआईआर पर दिया गया चर्चित भाषण भी प्रस्तुत किया गया। महासचिव चुघ ने कहा, देश में मप्र और गुजरात आदर्श संगठन हैं जिनकी नजीर दी जाती है।

**मध्यप्रदेश में 42 दिन के दौरान 42 नक्सलियों का खात्मा**-बैठक में यह भी बताया गया कि प्रदेश में सरकार की उपलब्धियों का बूथ स्तर पर प्रचार-प्रसार के साथ पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष पर विशेष कार्यक्रम होंगे। जिलाध्यक्षों को बताया गया कि प्रदेश में 42 दिन के दौरान 42 नक्सलियों का खात्मा और एसआईआर क्यों जरूरी है इसके टिप्स भी दिए गए। बैठक में सभी सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, पराजित प्रत्याशी, मोर्चा-प्रकोष्ठ अध्यक्ष, संभाग प्रभारी, एसआईआर संयोजक सोशल मीडिया और आईटी विभाग आदि के पदाधिकारियों को बुलाया गया था।



### घबरा रही है कांग्रेस

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मतदाता शुद्धिकरण अभियान (एसआईआर) के मुद्दे पर कांग्रेस घबरा रही है। वह पब्लिक के बीच झूठ फैला रही है जबकि वस्तुस्थिति यह है कि ये लोग घुसपैठियों को देश में टिकाए रखना चाहते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भी एसआईआर लागू किया जा चुका है।

### एसआईआर पर अमित शाह का जोशपूर्ण भाषण

संसद में केंद्रीय मंत्री शाह ने हाल ही में एसआईआर पर जो जोशीला भाषण दिया था वह पूरा भाषण बैठक में पुन: प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सीएम डॉ. यादव, प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह, प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला के अलावा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा सहित प्रदेश के सभी मंत्री-विधायक, सांसद, जिलाध्यक्ष, सभी प्रभारियों ने शाह का भाषण सुना।

# नए साल से सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए शुरू की जाएगी सेलरी भुगतान की नई व्यवस्था

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • नए साल के पहले सप्ताह से ही सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के वेतन आहरण की नई व्यवस्था लागू होगी। सेलरी में निरंतर होते विलंब को लेकर अब नया सिस्टम तैयार किया गया है। इसके लिए सेंट्रलाइज-पे प्रोसेसिंग (केन्द्रीयकृत वेतन प्रक्रिया) शुरू की गई है। इसी के तहत इनका भुगतान किया जाएगा। नूतन वर्ष के जनवरी माह से यह व्यवस्था प्रारंभकी जाएगी ताकि लोक सेवकों को समय पर बेतन मिल सके। इसके लिए कोष-लेखा विभाग ने जो पत्र लिखा उसमें पूरी स्थिति को स्पष्ट किया गया है। पत्र में कोष एवं लेखा कमिश्नर ने उल्लेख किया है कि वर्तमान में प्रदेश के नियमित एवं गैर नियमित कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा आईएफएमआईएस के पे-रोल मॉड्यूल से वेतन जनरेट किया जाता है, फिर बेतन देवक भुगतान हेतु कोषालय को प्रेषित किये जाते है। संज्ञान में आया है कि अनेक डीडीओ द्वारा पे-रोल (वेतन) जनरेशन की कार्यवाहीं समय सीमा में नहीं की जा रही है। जबकि वेतन सम्बन्धी कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में होनी चाहिए। मप्र कोषालय संहिता 2020 के स.नि. 109 (3) के अनुसार वेतन आहरण हेतु प्रत्येक माह की 20 तारीख से कोषालय में देयक प्रस्तुत किये जा सकते है। उक्त स्थिति के दृष्टिगत समस्त कैडर के कर्मचारियों की प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन प्रदान करने हेतु आईएफएमआईएस के माध्यम से केन्द्रीकृत बेतन प्रोसेसिंग (सेंट्रलाइज्ड पे प्रोसेसिंग की सुविधा विकसित की गई है। इससे प्रत्येक डीडीओ को पृथक से पे-रोल जनरेशन का कार्य नहीं करना होगा तथा आवश्यक संशोधन पेरोल में करते हुए देयक लगाए जा सकेंगे। इस प्रकार चेतन आहरण में समयबद्धता तथा त्वरित गति सुनिश्चित की जा सकेगी। कोष लेखा कमिश्नर ने कहा है कि नए साल में इसी सिस्टम के अंतर्गत काम होगा।

## पार्टी में बड़े 'राजनीतिक' तूफान के संकेत!

# कांग्रेस फिर आत्ममंथन के दौर में अंदरखाने में चल रही बड़ी उठापटक

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • देशभर का जहां राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है वहीं, कांग्रेस पार्टी एक बार फिर गहरे राजनीतिक संकट और अंदरूनी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। पार्टी के अंदर चल रही तनातनी, वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी और नेतृत्व को लेकर खड़े हो रहे तमाम सवालों के बीच वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल की सोनिया गांधी से अचानक मुलाकात ने सियासी गलियारों में और भी हलचल तेज़ कर दी है। जानकारी के मुताबिक, खास बात है कि यह मुलाकात कथित तौर पर बिना किसी औपचारिक घोषणा के की गई।

**शशि थरूर और मनीष तिवारी के अलग रास्ते :** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में शशि थरूर ने मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन गांधी परिवार के पूर्ण समर्थन के कारण खड़गे जीत गए। इसके बाद शशि थरूर द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी की कुछ मुद्दों पर प्रशंसा करना और सरकार द्वारा उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिनिधित्व का अवसर देना कांग्रेस के लिए असहज स्थिति बन गया। वहीं मनीष तिवारी ने पार्टी व्हिप की बाध्यता खत्म करने की मांग कर दी, जिससे यह संकेत मिला कि कांग्रेस के अंदर ही कई नेता पार्टी लाइन से अलग सोच रखते हैं, लेकिन खुलकर सामने नहीं आ पा रहे।

राजनीतिक गलियारों में अब ज़ोरों-शोरों पर यह चर्चा हो रही है कि कांग्रेस में या तो बड़ा संगठनात्मक बदलाव हो सकता है या फिर पार्टी किसी बड़े कानूनी और राजनीतिक संकट की तरफ़ बढ़ रही है। अगर कांग्रेस ने वक़्त रहते अंदरूनी मतभेदों को नहीं सुलझाया और कानूनी चुनौतियों का ठोस जवाब नहीं दिया, तो पार्टी की मुश्किलें आगामी दिनों में और बढ़ सकती हैं। इतना तय है कि कांग्रेस के लिए यह दौर बहुत निर्णायक है।



### कांग्रेस के अंदर चल रही नेतृत्व की जंग

कांग्रेस की समस्याएं सिर्फ बाहरी हमलों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पार्टी के अंदर भी नेतृत्व को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगे हैं। गौर किया जाए तो... राहुल गांधी की कार्यशैली, निर्णय प्रक्रिया और नियुक्तियों को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। कई बड़ी बैठकों में राहुल गांधी का विरोध दर्ज कराना और असहमति नोट देना पार्टी के भीतर मतभेदों को और उजागर करता है। प्रियंका गांधी को आगे लाने की चर्चाओं के बीच यह भी कहा जाता है कि पार्टी के अंदर ही उन्हें सीमित करने का प्रयास होता रहा है। प्रियंका गांधी के करीबी माने जाने वाले कई नेताओं को या तो पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है या फिर... हाशिये पर डाल दिया गया।

### सोनिया गांधी की नागरिकता पर सियासी भूचाल

संसद में अमित शाह द्वारा उठाया गया मुद्दा कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी मुश्किल बनती दिख रही है। आरोप है कि नागरिकता से जुड़े कुछ मामलों में गंभीर सवाल खड़े होते हैं, जिन्हें लेकर मामला अदालत में भी विचाराधीन बताया जा रहा है। कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से इनकार किया है, लेकिन पार्टी की घबराहट उसके आक्रामक रुख और बार-बार स्पष्ट रूप से झलक रही है।

## न्यूज ब्रीफ

- वोट चोरी केस में 22 हजार पन्नों की चार्जशीट, पूर्व बीजेपी विधायक सुभाष गुट्टेदार का नाम शामिल
- उन्नाव में भीषण सड़क हादसा, ट्रक-ऑटो की टक्कर में तीन लोगों की मौत
- जुबिन गर्ग की मौत मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के लिए असम सरकार गुवाहाटी हाईकोर्ट जाएगी
- केरल स्थानीय निकाय चुनाव : शुरुआती रुझानों में सभी डिवीजनों में सीपीआई (एम) नेतृत्व वाला एलडीएफ आगे
- राष्ट्रपति ट्रंप के सीजफायर दावे के बावजूद थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लड़ाई जारी
- ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार किया
- 19 दिसंबर से शुरू होगा उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र
- शिमला : बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा आज रखेंगे प्रदेश कार्यालय की आधारशिला
- आज पूरी होंगी यूपी बीजेपी अध्यक्ष के नामांकन की औपचारिकताएं, 14 दिसंबर को घोषित होगा नाम

# सैकड़ों शिक्षकों पर लटकी बर्खास्तगी की तलवार

## डीपीआई के आदेश ने मचाई खलबली

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मध्यप्रदेश के सैंकड़ों टीचर्स पर बर्खास्तगी की तलवार लटकी है। लोक शिक्षण संचालनालय यानि डीपीआई के एक आदेश ने विभाग में खलबली मचा दी है। बीएड योग्यताधारी नवनियुक्त शिक्षकों के लिए यह आदेश जारी किया गया है। इसमें लोक शिक्षण संचालनालय ने जबलपुर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य कर दिया है। इसके अभाव में उनकी नियुक्ति जारी नहीं रखने की भी साफ चेतावनी दी है।

एमपी के बीएड योग्यताधारी नवनियुक्त शिक्षकों को ब्रिज कोर्स करना होगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के टीचर्स के लिए इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। बीएड योग्यताधारी नवनियुक्त शिक्षकों के लिए यह आदेश सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों के परिपालन में जारी किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक पात्र परीक्षा वर्ष 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए नेशनल ओपन स्कूल (एनआईओएस) द्वारा ब्रिज कोर्स की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। देश के सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिविल अपील और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के क्रम में कोर्स की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। डीपीआई अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य है।

### जारी नहीं रखी जा सकेगी नियुक्ति

*प्राथमिक शिक्षक पात्र परीक्षा वर्ष 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार संबंधित शिक्षक 25 दिसम्बर तक एनआईओएस के पोर्टल https://bridge.nios.ac.in पर रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।*

**सुगबुगाहट** सभी विभागों की समीक्षा के बाद हो रही रिपोर्ट तैयार

# मोहन मंत्रिमंडल : तीन से चार मंत्री आऊट और दो सीनियर नेता हो सकते हैं इन

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मप्र में एक बार फिर से मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। वैसे तो बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ प्रदेश में मोहन यादव कैबिनेट में बदलाव की अटकलें जोर पकडने् लगी थीं। लेकिन अब मोहन यादव सरकार के दो साल पूरे होने से पहले एक-एक विभाग की समीक्षा की गई है। समीक्षा के बाद मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है, जो ये तय करेगी कि कौन मंत्रिमंडल में रहेगा और किसकी विदाई होगी। हालांकि भाजपा सूत्रों का कहना है कि 3 से चार मंत्री कैबिनेट से बाहर हो सकते हैं। वहीं दो सीनियर नेताओं को मंत्रिमंडल में मौका मिल सकता है।

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का एक विस्तार हो चुका है, इसके बाद से ही अनुमान लगाए जा रहे हैं कि मप्र में भी मोहन यादव अपनी टीम में फेरबदल करेंगे। कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने से पहले डा. मोहन यादव ने मंत्रियों के कामकाज को परखने के लिए विभागवार समीक्षा बैठकें भी कर ली हैं। इससे तैयार होने वाला रिपोर्ट कार्ड भी मंत्रिमंडल विस्तार में अहम भूमिका अदा करेगा। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए मोहन यादव को केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी लेनी होगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश के मंत्रियों के कार्य प्रदर्शन पर अलग- अलग एजेंसियों से रिपोर्ट कार्ड तैयार करवाया है। इसे भी आधार बनाया जाएगा। हालांकि केंद्रीय नेतृत्व मध्य प्रदेश के मंत्रियों के कामकाज को लेकर भारी नाराज है। तीन- चार मंत्रियों को छोड़ दिया जाए तो बाकी किसी भी मंत्री के विभाग में कोई कामकाज नहीं हो रहा है। उनकी विभाग पर पकड़ भी नहीं है। जानकारों का कहना है कि सरकार बनने के दो साल बाद होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को भी बैलेंस किया जाएगा।

### नए साल में होगा विस्तार

गौरतलब है कि मप्र मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं कई महीनों से हैं लेकिन अब यह माना जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही विस्तार होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जनवरी, 2026 को समाप्त हो रहा है। संभावना है कि इस तिथि के आसपास पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही मप्र में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इसको लेकर मंथन का दौर भी शुरू हो गया है। सरकार बनने के दो साल बाद होने वाले कैबिनेट विस्तार में तीन से चार मंत्रियों को विदा किया जा सकता है, तो सात से आठ नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। इसमें पार्टी के सीनियर विधायक भी शामिल हैं।

# डीएवीवी ने परीक्षा तिथियों में बदलाव से किया इंकार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट कर दिया कि आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं के टाइम टेबल में किसी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है। विश्वविद्यालय के इस फैसले से एमबीए और एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के उन सैकड़ों विद्यार्थियों को निराशा हाथ लगी है, जो दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होने वाली कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) परीक्षा भी देना चाहते हैं।

दरअसल, एमबीए और एलएलबी की परीक्षाओं की तिथियां सीएस परीक्षा के एक पेपर से टकरा रही हैं। इसी कारण छात्र लगातार विश्वविद्यालय से अनुरोध कर रहे थे कि टकराती हुई परीक्षाओं को आगे बढ़ाया जाए। पिछले कुछ दिनों में छात्रों और संगठनों की ओर से अधिकारियों को एक दर्जन से अधिक आवेदन भी विश्वविद्यालय ने किसी भी मांग पर सहमति नहीं जताई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने कहा कि किसी भी परीक्षा तिथि में बदलाव करना संभव नहीं है, क्योंकि इससे संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी।



### छात्रों की बढ़ी उलझन

विश्वविद्यालय के निर्णय के बाद एमबीए और एलएलबी के विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि वे दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे, लेकिन एक ही दिन परीक्षा होने से उन्हें अब कठिन निर्णय लेना पड़ेगा। छात्र मांग कर रहे हैं कि कम से कम टकराने वाले पेपरों को आगे बढ़ाया जाए, लेकिन विश्वविद्यालय अपने रुख पर अडिग है। अब विद्यार्थियों के सामने यह चुनौती है कि वे सेमेस्टर परीक्षा को प्राथमिकता दें या सीएस परीक्षा को। दोनों में से एक का चयन करना उनके लिए बड़ा फैसला साबित होगा।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

## श्री वीर खेडापति हनुमान मंदिर के 13वें स्थापना दिवस पर 13 को समापन एवं भंडारा



**इंदौर** ● संचार नगर मेन कनाड़िया रोड स्थित श्री वीर खेडापति हनुमान मंदिर के 13वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। मन्दिर के पुजारी पं. अंकुर पाठक एवं भक्त मंडल के भगवतीप्रसाद पंडित ने बताया कि समापन 13 दिसंबर को होगा। अभिषेक, 56 भोग, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

## प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जैविक उत्पादों की लगाई गई है प्रदर्शनी

**इंदौर** ● ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुंआ इंदौर में आज श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक चलेगा। इसके पूर्व पूर्वान्ह में श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रति नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने के उददेश्य से रीगल चौराहे से ग्रामीण हाट बाजार तक मिलेट्स जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली रीगल चौराहे से प्रारंभ होकर आरएनटी मार्ग होते हुये जैविक महोत्सव एवं कार्यक्रम स्थल ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुंआ इंदौर पर पहुंची। जहां पर रोड शो का समापन किया गया और यहीं पर मिलेट्स जैविक महोत्सव का शुभारंभ श्री महामण्डलेश्वर द्वारा किया गया श्रीअन्न फूड फेस्टिवल का आयोजन शहरी उपभोक्ताओं में मिलेट्स के प्रति रुचि बढाने एवं उपभोग बढाने, स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढाने, मिलेट्स के उपयोग से किस तरह निरोगी रहा जा सकता है, इन सारी चीजों का समायोजन श्रीअन्न (मिलेट) फूड फेस्टिवल एवं जैविक महोत्सव में किया जा रहा है।

# प्रदेश से विंटर शेड्यूल में सबसे ज्यादा त्बिलिसी की बुकिंग, घरेलू पर्यटकों को लुभा रहा केरल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मप्र में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तैयारी शुरू हो गई है। क्रिसमस से शुरू होने वाले हॉलिडे सीजन के चलते घरेलू पर्यटन उद्योग में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। इंदौर के ट्रैवल एजेंट्स का कहना है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल 20 से 30 प्रतिशत ज्यादा पैकेज बुक हुए हैं। इंटरनेशनल ट्रैवल में इस साल नया ट्रेंड देखने को मिला है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों से इस साल त्बिलिसी के लिए ज्यादा क्रेज है। वहीं, डोमेस्टिक ट्रैवल में भी नया ट्रेंड है। इस साल गोवा से ज्यादा लोग केरल की तरफ जाना पसंद कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि पिछले साल यानी 2024 में टर्की और बाकू के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही इनकी बुकिंग में गिरावट देखने को मिली है। इस साल सबसे ज्यादा दुबई, श्रीलंका और थाईलैंड के लिए बुकिंग है। वहीं, एक नया डेस्टिनेशन उभरकर सामने आया है जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी। हमारे पास त्बिलिसी के पैकेज के लिए सबसे ज्यादा डिमांड है। टूर पैकेज के रेट




बढ़े जरूर है लेकिन पर्यटकों की संख्या में कमी नहीं आई है।

### मुन्नार के लिए भी हो रही बुकिंग

ट्रैवल एजेंट प्रदीप काले ने बताया कि केरल में इस बार पर्यटक मुन्नार, एलेप्पी और कन्याकुमारी को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इन तीनों जगहों को मिलाकर एक सप्ताह का टूर पैकेज काफी लोकप्रिय हो रहा है। मुन्नार अपने हरे-भरे पहाड़ों और चाय बागानों के लिए जाना जाता है। एलेप्पी अपने शांत बैकवाटर हाउस बोट टूर के लिए मशहूर है, जबकि कन्याकुमारी में बीच और सूर्योदय का दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। इसके अलावा कोवलम, वायनाड और वर्कला जैसे स्थान भी यात्रियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

### होटल रेट घटे, पैकेज महंगे

इंडस्ट्री एक्सपर्ट की मानें तो पिछले साल की तुलना में इस बार होटल रेट्स में कुछ गिरावट आई है, लेकिन ट्रैवल पैकेज महंगे हो गए हैं। इसका मुख्य कारण एयर फेयर और सर्विस चार्ज में बढ़ोतरी है। पैकेजों की कीमतें पांच से दस प्रतिशत तक बढ़ी हैं, लेकिन इसके बावजूद बुकिंग में कमी नहीं आई है। यात्रियों को अब पहले से बेहतर होटल, कम्फर्ट और सर्विस मिल रही है। वे अतिरिक्त खर्च करने के लिए तैयार हैं।

### बीच डेस्टिनेशन की मांग बढ़ी

इस बार लोग हिमाचल, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे हिल स्टेशनों की तुलना में बीच डेस्टिनेशन को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में बर्फबारी शुरू हो चुकी है, लेकिन वहां का तापमान बहुत कम होने के कारण सैलानियों का रुझान घटा है। लोग अब आरामदायक और गर्म मौसम वाली जगहों पर छुट्टियां बिताना चाहते हैं, जहां ट्रैवल और घूमने दोनों में आसानी रहे।

## सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराये जाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टनर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सार्वजनिक भवनों में बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराये जाए। भारत सरकार द्वारा सुगम्य भारत अभियान प्रारंभ किया गया है। इंदौर जिले में समस्त शासकीय अशासकीय सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए रेम्प, रेलिंग, बाधारहित टायलेट, ब्रेल साइनेस इत्यादि की व्यवस्थाओं के साथ-साथ परिवहन, डिजीटल और संचार प्रणाली के अंतर्गत बस, ट्रेन, हवाई अड्डे, डिजीटल प्लेटफॉर्म (वेबसाइट,ऐप्स) और संचार प्रणाली में व्यवस्था दिव्यांगजनों के अनुरूप सुनिश्चित की जाय। समस्त सार्वजनिक शासकीय/ अशासकीय भवनों में दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर की उपलब्धता हो, यह सुनिश्चित किया जाय। किसी भी सार्वजनिक भवन में यदि दिव्यांगजनों के लिए सुलभ एवं सुगम्य आवागमन व्यवस्था नहीं पाई जाती है, तो संबंधित भवन प्रभारी के विरूद्ध दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानो के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## डाक महिला संगठन द्वारा जरूरतमन्द बच्चों को गर्म कपडे एवं खाद्य सामग्री भेंट की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● डाक महिला संगठन इन्दौर द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किये जाते है, जिसमें प्रतिवर्ष सर्दियों में जरूरतमन्द बुजुर्ग एवं बच्चों को गर्म कपडों का वितरण भी किया जाता है। इसी की निरन्तरता में 12 दिसंबर को डाक महिला संगठन के सदस्यों द्वारा श्रीमती प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल, इन्दौर परिक्षेत्र एवं संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में आश्रम के जरूरतमन्द बच्चों को उनी वस्त्र भेंट किये गये एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदाय की गयी।



## सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप, इंदौर ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का नागरिक अभिनंदन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप के मीडिया प्रभारी डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि इंदौर से रीवा हवाई सफर एवं इंदौर से रीवा नियमित ट्रेन की मांग वर्षों से की जा रही थी। जिसमें से इंदौर से रीवा की हवाई सुविधा 22 दिसंबर से मिलने जा रही है। विंध्य वासियों को यह हवाई सुविधा दिलवाने में माननीय उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला की ही मुख्य भूमिका है। इस हवाई सुविधा मिलने पर इंदौर जिले में निवासरत सैकड़ों विंध्य वासियों ने उपमुख्यमंत्री के इंदौर आगमन पर रेसीडेंसी कोठी में पहुंच कर आत्मीय अभिनन्दन किया। साथ ही इंदौर रीवा ट्रेन जो अभी सप्ताह में तीन दिन ही चलती है उसको नियमित करवाने हेतु ज्ञापन दिया। एवं इस हवाई सफर के मिलने से विंध्य वासियों में अपार खुशियां देखने को मिली। सभी ने प्रफ्फुलित मन से उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। हवाई सफर मिलने से व्यापार,व्यवसाय



के साथ साथ रोजगार के भी अवसर खुलेंगे। शुक्ला ने कहा कि अब विंध्य के विकास में भी पंख लग चुके है। बहुत तेजी के साथ विंध्य क्षेत्र में विकास हो रहा है। उन्होने विंध्यवासियों से इंदौर रीवा इंदौर की फ्लाइट का अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह भी किया। साथ ही शुक्ला ने कहा कि रीवा संभाग के सभी जिलों (रीवा सीधी सतना शहडोल उमरिया मैहर मऊगंज) के साथ साथ प्रयागराज कटनी सागर दमोह चित्रकूट आदि जिलों के नागरिकों को भी व्यापार व्यवसाय चिकित्सा सेवा एवं शिक्षा हेतु आवागमन में तीव्र गति से सुविधा मिलेगी।

## इंदौर में 'अनुपस्थित प्रशासन' पर कांग्रेस सेवादल का तीखा प्रहार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम इंदौर में प्रशासनिक शिथिलता और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए जिला कांग्रेस सेवादल ने महापौर से एक अनोखी लेकिन गंभीर मांग की है। सेवादल ने कहा है कि यदि प्रशासन वास्तव में काम कर रहा है तो एक दिन के लिए महापौर की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाए, ताकि यह परखा जा सके कि निगम अधिकारी किसी निर्वाचित प्रतिनिधि के निर्देशों का पालन करने की स्थिति में हैं भी या नहीं। कांग्रेस सेवादल ने महापौर द्वारा बुलाई गई बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति और डेढ़ घंटे तक महापौर को प्रतीक्षा कराए जाने की घटना को 'इंदौर मॉडल के प्रशासनिक पतन का प्रतीक' बताया है। सेवादल के अनुसार, नगर निगम के ही एमआईसी सदस्य और पार्षद यह स्वीकार कर रहे हैं कि 'अब डेढ़ साल बचे हैं, जनता के बीच किस मुंह से जाएँ? ' जो इस बात का प्रमाण है कि ज़मीनी स्तर पर काम और जवाबदेही दोनों ही नदारद हैं। सड़कें टूटी हुई हैं, जहाँ वाहन नहीं बल्कि जनता का धैर्य टूट रहा है। ड्रेनेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, पहली बारिश में सड़कें नदियों में बदल जाती हैं।

## कादरी ने कोर्ट में कहा, भाजपा की सदस्यता नही ली तो असत्य केस में फंसा दिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के आरोप में पार्षद पद से हटाए गए अनवर कादरी ने अपनी जमानत के लिए पेश आवेदन में चौंकाने वाला तर्क दिया। उसकी ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन में कहा गया कि वह विगत करीब 15, 16 साल से पार्षद के पद पर रहा है। जेल में रहने से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके द्वारा मुझे अपने संगठन में आने हेतु दवाब बनाया जा रहा था। जब मैं भाजपाट की सदस्यता प्राप्त करने से इनकार कर दिया तो मुझे इस असत्य केस में संलिप्त किया गया है। केस में उसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कोई सम्बन्ध नहीं है। शासन की ओर से जमानत आवेदन का विरोध किया गया। सभी के तर्क सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती यतेश शिशौदिया की कोर्ट ने अनवर कादरी का जमानत याचिका निरस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि बाणगंगा थाने पर उसे लव जिहाद के केस में फंडिंग का आरोपी बनाया गया है।

## शरीर सौष्ठव, शक्तितोलन स्पर्धा प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मप्र विद्युत कंपनियों की 47वीं अंतरक्षेत्रीय राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव, शक्ति तोलन प्रतियोगिता का पोलोग्राउंड स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय में शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता कामेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने खेल भावना , नियम पालन को लेकर शपथ भी ली। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि खेल भावना से हमारा संपूर्ण विकास होता है। खेल मानव के स्वस्थ तन, मन के लिए आवश्यक है। अधीक्षण यंत्री बीडी फ्रैंकलीन ने बताया कि मप्र की बिजली कंपनियों के अंतर्गत इस प्रतियोगिता में सागर, सारणी, बिरसिंहपुर, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सिंगाजी आदि के पहलवान खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ये खिलाड़ी बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन, जनरेशन कंपनी में विभिन्न पदों पर कार्यरत है। शक्तितोलन मुकाबलों के लिए अत्याधुनिक सामग्री स्काट रैक, बैंच प्रेस, वेट प्लेट, वेट स्टैंड इत्यादि को खेल नियमों एवं मानक प्रक्रियाओं के तहत स्थापित किया गया है।

## वीरांगना पुरी मां कीर की 314वीं जयंती पर भव्य आयोजन देपालपुर हुआ भगवामय, उमड़ा जनसैलाब



**निलेश चौहान (94250-77209)**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

वीरांगना पुरी मां कीर की 314वीं जयंती नगर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। नगरवासियों ने ऐतिहासिक चल समारोह निकालकर वीरांगना मां को नमन किया। चल समारोह मल्हार बाग से प्रारंभ होकर बनेडिया नाका, मंगलेश्वर मार्ग, विजय स्तंभ चौक, चमन चौराहा और बस स्टैंड होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा। जगह-जगह पुष्पमालाओं और केसरिया दुपट्टों से स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और बागी पर विराजमान वीरांगना पुरी मां कीर की झांकी ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में महिलाओं और नन्हीं बालिकाओं ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा 'खुद को जगा दो, नशे को भगा दो' जैसे संदेश देकर समाज को जागरूक किया। कन्या पूजन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद वीरांगना पुरी मां कीर की भव्य आरती संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर वीरांगना मां के साहस और बलिदान को याद किया। नगर के हर वर्ग ने इस आयोजन में भाग लेकर वीरांगना मां पुरी मां कीर के अदम्य साहस और त्याग को नमन किया। चल समारोह ने नगर को एकता, श्रद्धा और उत्साह के रंगों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर कीर समाज के क़ीर समाज सेवा संगठन मप्र प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह वानिया, संरक्षक पटेल साहब, केबिनेट मंत्री आदरणीय गयाप्रसाद क़ीर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद चौहान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगीरथ प्रसाद दायमा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नशामुक्ति प्रेरक मानसिंह पटेल , शिवनारायण पटेल,युवा प्रदेश अध्यक्ष तेजू बाबा,, इंदौर जिला अध्यक्ष चंदरसिंह सेठ,, गुलाबसिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आशीष चौहान, राकेश हाडा पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष उज्जैन, अंबाराम हरियाखेड़ी, अंतरसिंह जी,दिलेसिंह सोलंकी जिला अध्यक्ष धार,भोजराज वरिष्ट जिला अध्यक्ष उज्जैन, धारासिंह चौहान युवा जिला अध्यक्ष उज्जैन, भगवानसिंह धार युवा जिला अध्यक्ष, देवास जिला अध्यक्ष संजय, उदयसिंह, डॉ चंदनसिंह हाडा, कुलदीप सिंह लोकेश सोलंकी, विनोद ,सहित हजारों समाजबंधुओं ने भाग लिया। कीर समाज ने पहली बार भगवा इतिहास रैली निकालकर वीरांगना मां कीर के शौर्य और बलिदान को याद किया।

## बीमारी नहीं, कारण का भी उपचार करता है आयुर्वेद विश्वभर में बढ़ा भारतीय आयुर्वेद परंपरा का सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●इंडेक्स आयुर्वेदिक कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा मालवांचल यूनिवर्सिटी में शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बीएएमएस प्रथम बैच के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम ने शिक्षा, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय विशिष्ट अतिथि के रूप विधायक रमेश मेंदोला, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा उपस्थित थे। मयंक वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्री सुरेश सिंह भदौरिया,मालवांचल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ.संजीव नारंग,प्राचार्या डॉ.प्राजक्ता तोमर,कॉलेज के निदेशक डॉ. विनोद यादव ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, कोषाध्यक्ष सचिन बंसल,उपाध्यक्ष डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार, आयुर्वेदिक परंपराओं का पालन और गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने संकल्प लेकर अपने चिकित्सा जीवन की औपचारिक शुरुआत की।इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा आयुर्वेदिक और होम्योपैथी भवन का शुभारंभ भी किया गया। युवा वर्ग भी इस भारतीय चिकित्सा पद्धति की ओर रूख कर रहा ।



सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

**आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ**




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### वैज्ञानिक दौर में भी तेजी से पांव पसार रहा अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के नाम पर खूब होता है अपराध

आज के वैज्ञानिक दौर में भी समाज में अंधविश्वास की जड़ें इतने गहरे तक फैली हुई हैं कि कई बार लोग अपनी जान तक जोखिम में डाल देते हैं। कर्म और तर्क के सिद्धांत को कोने में रखकर कुछ लोग तंत्र-मंत्र और जादू-टोना का सहारा लेते हैं, जिसके अक्सर भयावह परिणाम सामने आते हैं। कभी तांत्रिक अनुष्ठान में किसी व्यक्ति की हत्या कर दी जाती है, तो कभी डायन कहकर सार्वजनिक तौर पर प्रताड़ना की हदें पार कर दी जाती हैं। ऐसी ही एक घटना छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सामने आई है, जहां एक फार्म हाउस से तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने आंशका जताई है कि पैसे दोगुने करने के लिए आयोजित एक तांत्रिक अनुष्ठान के दौरान इन लोगों की गला दबाकर हत्या की गई है। सवाल है कि इस तरह का अंधविश्वास फैलाने और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? क्या शासन-प्रशासन का दायित्व अपराध से पहले ही उसके पैरों को कुचल देने का नहीं है? तंत्र-मंत्र जैसे अंधविश्वास के नाम पर हत्या कर देने या प्रताड़ित करने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। इस तरह की अवैज्ञानिक धारणा में कुछ लोग तो इतने हताश हो जाते हैं कि आत्महत्या तक कर लेते हैं। वर्ष 2018 में दिल्ली के बुराड़ी में एक परिवार द्वारा सामूहिक रूप से आत्महत्या कर लेने की घटना को आज भी एक उदाहरण के तौर पर देखा जाता है, जिसमें अंधविश्वास का ही मामला सामने आया था। तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि उच्च शिक्षित वर्ग के लोग भी भ्रम के इस जाल में फंस जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि तंत्र-मंत्र के बल पर अपनी समस्याओं का समाधान तलाशने की बजाय समाज में कुशल, प्रगतिशील और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया जाए। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि आज हर शहर, कस्बों और गांवों में तांत्रिकों ने अपने अडड्े बना रखे हैं, जो लोगों को अंधविश्वास के अंधेरे में धकेल रहे हैं। इसी तरह की गतिविधियां अपराध को भी जन्म देती हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

## भारत में बढ़ते प्रदूषण का कारण क्या वास्तव में हमारा गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है?



पर्यावरण प्रदूषण आज मानवता के समक्ष सर्वाधिक भयावह चुनौतियों में से एक और इसका प्रमुख कारण है मानव जनित प्रदूषण।भारत में प्रदूषण की समस्या अक्सर उद्योगों, वाहनों, बढ़ते शहरी विस्तार और सरकारी तंत्र की कमियों से जोड़ी जाती है, परंतु सच्चाई यह है कि प्रदूषण को बढ़ाने में नागरिकों के गैरजिम्मेदाराना कृत्य भी बड़े और निर्णायक कारक हैं।एक आंकड़े के अनुसार वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 76 प्रतिशत उर्जा उत्पादन और उपभोग से जुड़ा हुआ है,जो मानव की असंयत उर्जा खपत की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

वास्तव में देखा जाए तो पर्यावरण संकट किसी एक संस्था, नीति या व्यवस्था का परिणाम नहीं, बल्कि सामूहिक व्यवहार की गलत दिशा का प्रतिफल है। हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियाँ मिलकर एक बड़े राष्ट्रीय संकट में बदल जाती हैं।

सबसे सामान्य और हानिकारक व्यवहार है कचरे को अनियमित रूप से इधर- उधर फेंकने की प्रवृत्ति। अधिकांश शहरों में सड़कें, ग्रीन बेल्ट, सार्वजनिक स्थल, नाले, नदी, तालाब किनारे आदि सभी जगह धर, दुकान , फैक्टरी आदि से निकले कचरा का ढेर दिखना इस बात का प्रमाण है कि हमने स्वच्छता को आदत नहीं, केवल अवसर भर समझा है। कई लोग कचरे को खुले में जला देते हैं, जिससे उसके जहरीले तत्व वायु में फैलकर मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुँचाते हैं। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसका निरंतर उपयोग नागरिक जिम्मेदारी की कमी को दर्शाता है। वाहनों का अनियंत्रित उपयोग, साझा न करने की प्रवृत्ति तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट को कम महत्व देने की सोच ने भी प्रदूषण बढ़ाने का काम किया है। छोटी दूरी पर भी निजी वाहन का उपयोग, समय पर प्रदूषण जांच न कराना, सर्विसिंग की अनदेखी करना और पुराने धुआँ छोड़ने वाले वाहनों का उपयोग तथा ई-वाहनों को कम महत्व देने का ही परिणाम है अवांछित कार्बन उत्सर्जन। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कचरा, पराली और पत्ते जलाने की परंपरा अब भी जारी है, जिससे पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण तेजी से वातावरण में फैलते हैं।

जल प्रदूषण के लिए भी नागरिकों के कई आचरण सीधे जिम्मेदार हैं। नदियों और तालाबों में मूर्तियाँ, फूल, कपड़े और घरेलू कचरा विसर्जित करना, धार्मिक आस्था के नाम पर जलस्त्रोतों को कचरा-घर बनाना पर्यावरणीय संवेदनहीनता का प्रतीक है। घरों, दुकानों, उद्योगों का बिना उपचार का गंदा जल नदी,तलाब, नालों आदि में छोड़ देना अंततः जलस्त्रोतों को विषैला बना देता है।

ध्वनि प्रदूषण के मामले में भी नागरिकों की मनमानी किसी से छिपी नहीं है। तीव्र ध्वनि वाले डीजे, विविध अवसरों पर पटाखों का अत्यधिक उपयोग, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में लाउडस्पीकरों की ऊँची आवाज, वाहनों में अनावश्यक होर्न आदि का उपयोग सब मिलकर शोर का ऐसा वातावरण बनाते हैं जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कई लोग देर रात तक ध्वनि स्तर के नियमों की खुली अवहेलना भी करते हैं।

ऊर्जा और संसाधनों के दुरुपयोग में भी हमारा व्यवहार जिम्मेदार है। एसी और बिजली का अनावश्यक प्रयोग, पानी को बिना कारण बहने देना, बोरवेल का अत्यधिक दोहन और वर्षाजल-संग्रह को नजरअंदाज करना आदि भी संसाधनों पर दबाव बढ़ाते हैं। इसके साथ पेड़ों की कटाई, हरित-आवरण की अनदेखी और रोपित वृक्षों के संरक्षण में रुचि की कमी भी कहीं न कहीं प्रदूषण को और बढ़ाती है।

ओन लाइन वस्तुओं को मंगाने की बढ़ती प्रवृत्ति,त्योहारों के दौरान प्लास्टिक सजावट, रासायनिक रंगों और पटाखों का अत्यधिक उपयोग यह दर्शाता है कि हम उत्सवों में स्वस्थ पर्यावरण को शामिल करना अब भी नहीं सीख पाए हैं। कचरा प्रबंधन नियमों, ट्रैफिक कानूनों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों की लगातार अवहेलना 'नियम केवल दूसरों के लिए हैं' वाली मानसिकता को उजागर करती है।

सत्य यही है कि प्रदूषण केवल सरकारी असफलता का परिणाम नहीं, बल्कि हमारे गैरजिम्मेदाराना आचरण का दर्पण भी है। जब तक हम स्वयं पर्यावरणीय अनुशासन नहीं अपनाएँगे, तब तक सुधार केवल कागज़ों और घोषणाओं तक सीमित रहेगा और हम दिल्ली वासी जैसे पर्यावरण प्रदूषण को कोसते रहेंगे। क्योंकि समाधान नीति में नहीं, नागरिक के चरित्र में छिपा है।

पर्यावरण प्रदूषण रोकने में सरकारों को भी जिम्मेदार संस्था के रूप भूमिका निभाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां भी हममें से ही कोई बैठा है। पर्यावरण कानूनों को बिना भेदभाव के प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने की जरुरत है साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाना और अपशिष्ट प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था करना , जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए नागरिकों को प्रेरित करना भी उसके प्रमुख दायित्व में से एक हैं।इतना ही नहीं पेड़-पौधों के संवर्धन- संरक्षण,जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई और शहरी हरियाली बढ़ाने जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकारें प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बना सकती है, बशर्ते बनाना चाहें। मेरा ऐसा मानना है कि जब तक हर भारतीय और सरकारें स्वयं को पर्यावरण का रक्षक नहीं समझेंगे तब तक भारत में प्रदूषण संकट के बादल गहराते जाने की ही संभावना है, प्रदूषण मुक्त होना एक दिवास्वप्न जैसा है।



लेखकः **प्रो. ( डा. ) मनमोहन प्रकाश**

## क्रिसमस को शानदार बनाने के लिए स्नैक्स में बनाएं मशरूम टार्टलेट्स

**25 दिसंबर** को क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है और सेंटा बनाकर लोग एक-दूसरे को गिफ्ट जरुर देते हैं।अगर आप भी इस बार क्रिसमस पार्टी आयोजित कर रहे हैं, तो अपने टेस्टी मशरूम टार्टलेट्स जरुर बनाएं। क्रिसमस पार्टी को शानदार बनाने के लिए नोट करें मशरूम टार्टलेट्स की रेसिपी। क्रिसमस का त्योहार नजदीक आ चुका है। दुनियाभर में क्रिसमस त्योहार को धूम-धाम से मनाया जाता है। हर साल 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। ईसाई परंपरा के अनुसार, यीशु का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था। इस दिन हर स्कूल, ऑफिस, मॉल और रेस्टोरेंट में क्रिसमस के लिए सुंदर सजावट देखने को मिलती है। इस त्योहार को मनाने के लिए लोग अपने घर में क्रिसमस पार्टी जरुर रखते हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है और सेंटा बनाकर लोग एक-दूसरे को गिफ्ट जरुर देते हैं।अगर आप भी इस बार क्रिसमस पार्टी आयोजित कर रहे हैं, तो अपने टेस्टी मशरूम टार्टलेट्स जरुर बनाएं। क्रिसमस पार्टी को शानदार बनाने के लिए नोट करें मशरूम टार्टलेट्स की रेसिपी।

### मशरूम टार्टलेट्स की रेसिपी

● 1 शीट पफ पेस्ट्री ● 2 बड़े प्याज कटे हुए ● 2 बड़े चम्मच जैतून का तेल ● 1/4 छोटा चम्मच नमक ● 1 छोटा चम्मच डार्क ब्राउन शुगर ● 8 औंस मशरूम पतले कटे हुए ● 2 लहसुन की कलियां कटी हुई ● 2 बड़े चम्मच सूखी थाइम ● 1 अंडा और 1 बड़ा चम्मच पानी एक साथ फेंटा हुआ ● ¾ कप कद्दूकस किया हुआ चीज

### मशरूम टार्टलेट्स कैसे बनाएं

- सबसे पहले आप कटी हुए प्याज को ऑलिव ऑयल में पकाएं। आपको उन्हें कैरामलाइज करने के लिए लगभग 15 मिनट तक पकाना है।
- जब प्याज गोल्डन ब्राउन हो जाएं। इसके बाद, कटे हुए मशरूम और अपनी पसंद की थोड़ी चीनी डालें (जो ऑप्शनल है)।
- जब मशरूम पूरी तरह पक जाएं और हल्के भूरे हो जाएं, तो इसमें लहसुन और कुछ ताज़ी जड़ी-बूटियां, जैसे रोज़मेरी, सेज या थाइम डालें और एक और मिनट के लिए पकाएं। आखिर में जड़ी-बूटियां डालने से उनका स्वाद और भी अच्छा आएगा।
- अब आप मशरूम टार्टलेट्स बनाने के लिए तैयार हैं। इसके बाद आप पफ पेस्ट्री की एक शीट लेंगे और कुकी कटर या किसी और छोटे गोल आकार से छोटे गोले काट लेंगे। यह रेसिपी लगभग 24, 2-इंच के गोलों के लिए काफी है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप उनमें कितना भरते हैं। अगर आप रेसिपी को और बढ़ाना चाहते हैं, तो आप बची हुई पफ पेस्ट्री को दोबारा रोल करके लगभग 12 और गोले बना सकते हैं।
- पफ पेस्ट्री पर अंडे का घोल ब्रश करें। फिर आपको बीच में छेद करने होंगे या पफ पेस्ट्री के बीच में निशान बनाने के लिए छोटे कुकी कटर का इस्तेमाल करना होगा। इससे बीच का हिस्सा ज्यादा फूलता नहीं है। अब इसके ऊपर लगभग 2 बड़े चम्मच मशरूम का मिश्रण डालें।
- अब आप ऊपर से चीज डालने के लिए तैयार हैं। चीज को कद्दूकस कर लें, ताकि ओवन में बेक होने पर इसके किनारे क्रिस्पी हो जाएं। अगर कुछ चीज मशरूम पफ पेस्ट्री से गिर जाए तो चिंता न करें, यह फिर भी एकदम चीजी बनेगा।

# आंचलिक

## खरगोन सांसद ने उठाया एससी-एसटी सर्टिफिकेट का मुद्दा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने संसद के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को अनुसूचित जाति और जनजाति (एससी-एसटी) के जाति प्रमाण पत्र से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। उन्होंने विशेष परिस्थितियों में मां की जाति के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करने के विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सांसद पटेल ने बताया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाया है कि विशेष परिस्थितियों में बच्चे को मां की जाति के आधार पर भी प्रमाण पत्र दिया जा सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि यह निर्णय पूरे देश में जातिगत प्रमाण पत्र जारी करने की मौजूदा व्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आधार मुख्य रूप से पितृवंशीय परंपरा रही है। यदि इस व्यवस्था को बिना स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बदला जाता है, तो राज्यों में भ्रम, विवाद और बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की आशंका बढ़ सकती है। सांसद ने यह भी चिंता व्यक्त की कि इस फैसले का 'लव जिहाद' और धर्मांतरण के मामलों में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने सरकार से आग्रह किया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का व्यापक अध्ययन करे। इसके साथ ही, उन्होंने जातिगत निर्धारण के नियमों पर एक स्पष्ट और समान राष्ट्रीय नीति लाने की मांग की। सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो, तो संसद में एक नया कानून या संशोधन लाया जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि स्ष्ट और स्ज्ञ का प्रमाण पत्र किन परिस्थितियों में पिता से माता से प्राप्त होगा।

## बस वाले ने ज्यादा किराया वसूला, थाने में शिकायत, बस का फिटनेस ही नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● इंदौर से देशगांव के बीच चलने वाली बसों में यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है और टिकट में धोखाधड़ी की जा रही है। बसों की स्थिति इतनी खस्ताहाल है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिकायत करने पर बस मालिक के परिजन ने खुद को उज्जैन पुलिस का डीएसपी बताकर मामला दबाने की कोशिश की। इसकी शिकायत खंडवा पुलिस से की गई है। भीकनगांव निवासी महेंद्र शर्मा ने बताया कि 7 दिसंबर की सुबह उन्होंने इंदौर के तीन इमली से देशगांव के लिए बस में यात्रा की। उनका आरोप है कि बस कर्मचारी ने तय किराए से अधिक वसूला और टिकट मांगने पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। साथ ही टिकट देशगांव के बजाय 200 रुपए का खंडवा टिकट बनाकर उन्हें धोखा दिया गया। देशगांव पहुंचने से पहले बस कर्मचारियों ने महेंद्र शर्मा को चलती बस से उतारने की कोशिश की। यात्रियों ने जब शिकायत की तो सामने वाले व्यक्ति ने खुद को बस मालिक का पिता बताते हुए कहा कि वह उज्जैन में डीएसपी है। इस तरह यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ और मामले को दबाने की कोशिश की गई। यात्रियों ने बस की खस्ताहाल स्थिति की भी शिकायत की। गंजे टायर, क्लच की खराबी और फायर सेफ्टी उपकरण न होने के कारण बस फिटनेस मानकों का उल्लंघन कर रही है। महेंद्र शर्मा ने बताया कि बस गांव के अंदर नहीं जाकर बायपास पर ही उतार देती है, जिससे महिलाओं, छात्रों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। उन्होंने खंडवा आरटीओ दीपक मांझी को जानकारी दी, लेकिन दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई या जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी देशगांव में शिकायत दर्ज कराई।




## अवैध खनन करते एक पोकलेन, दो डंपर जब्त, ओंकारेश्वर फोरलेन निर्माण कंपनी पर एक्शन; केस दर्ज करने की तैयारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी के अवैध खनन पर खनिज विभाग ने शुक्रवार को एक्शन लिया है। कंपनी की एक पोकलेन मशीन और दो डंपर जब्त कर लिए। पोकलेन को मौके पर ही खड़ा कर दिया गया है, वहीं दो डंपरों को पुलिस थाने पर खड़ा कराया है। मामला ओंकारेश्वर फोरलेन निर्माण से जुड़ा है, ठेकेदार के द्वारा एक निजी भूमि पर बिना अनुमति के खनन किया जा रहा था। मामले की सूचना मिलने के बाद खनिज इंस्पेक्टर कंचन दांडेकर ने मोरटक्का के पास उक्त जमीन पर दबिश दी। जहां पर एक पोकलेन मशीन खुदाई करते हुए मिली। अवैध रूप से खनन की गई मुरूम का दो डंपरों से परिवहन हो रहा था। राज्य सरकार के स्तर पर ओंकारेश्वर से इंदौर मार्ग तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसका ठेका धनगांव से बलवाड़ा तक नेशनल हाईवे बना रही केदारेश्वर कंपनी ने पेटी पर लिया है। इसी कंपनी के दो डंपर और एक पोकलेन मशीन को खनिज इंस्पेक्टर दांडेकर ने जब्त की है। टीम ने वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई सोमवार को होगी।

## देवली में 20 लाख के खराब निर्माण, जरूरी सुविधा भी नहीं मिल रही, शिकायत की भी सुनवाई नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के देवली गांव में सरकारी निर्माण कार्यों की पोल खुलने लगी है। करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क, नाली और सामुदायिक शौचालय सिर्फ कुछ महीनों में ही जर्जर हो गए हैं। खराब निर्माण से गांव की बुनियादी सुविधाएं वापस छिनने लगी हैं, जिससे ग्रामीण नाराज़ और परेशान हैं।ग्रामीणों का कहना है कि आठ महीने पहले बनी सड़क अब जगह-जगह से उखड़कर धूल में बदल गई है। सड़क की सीमेंट हाथ से ही टूटकर निकल रही है। नालियां भी जगह-जगह से फट चुकी हैं, जिससे पानी निकासी की व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। सामुदायिक शौचालय का भी कोई लाभ नहीं मिल पा रहा। ग्रामीण बताते हैं कि इसे गांव से दूर मढ़ी इलाके में बना दिया गया है, जिसके चलते लोग मजबूरी में नदी किनारे खुले में शौच करने जा रहे हैं। गांव में बुनियादी सुविधाओं की इस दुर्दशा से लोगों में भारी रोष है। कई ग्रामीणों ने खरगोन कलेक्टर से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायतें कीं, लेकिन अब तक किसी ने ठोस कार्रवाई नहीं की। ग्रामीण दशरथ राठौर कहते हैं, 'हमारे लिए सड़क, नाली और शौचालय बड़ी उम्मीदों का काम थे, लेकिन खराब निर्माण ने सब बेकार कर दिया।' शिकायतों के बढ़ने के बाद जनपद स्तर पर जांच टीम गठित करने की बात जरूर कही गई है, पर ग्रामीणों को अब कार्रवाई से ज्यादा समाधान की जरूरत है।

## नेपानगर की 1665 एकड़ वन भूमि राजस्व में बदलने आवेदन, सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात, श्रमिकों के मुद्दे भी उठाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● खंडवा संसदीय सीट से सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय भारी उद्योग व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने मंत्री को नेपानगर की 1665 एकड़ वन भूमि को राजस्व भूमि में परिवर्तित करने की मांग संबंधी एक पत्र सौंपा। सांसद ने पत्र में बताया कि उनके संसदीय क्षेत्र की नेपानगर विधानसभा में एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड स्थित है। भारत सरकार ने 1949 में मिल को 1762 एकड़ वन भूमि आवंटित की थी। इसमें से 107 एकड़ पर कागज कारखाना और शेष 1665 एकड़ वन भूमि पर नेपा लिमिटेड के आवासीय परिसर निर्मित हैं। नेपानगर सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष ने सांसद को इस मुद्दे से अवगत कराया था। सांसद ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए मांग की कि 107 एकड़ को छोड़कर 1665 एकड़ भूमि को राजस्व भूमि में बदला जाए। उनका तर्क था कि इससे स्थानीय लोगों को राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, जो वर्तमान में वन भूमि होने के कारण नहीं मिल पा रहा है। राजस्व भूमि होने से उद्योग स्थापना में भी मदद मिलेगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



सांसद पाटील ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष नेपा लिमिटेड में उत्पादन प्रक्रिया बंद होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि मिल के नवीनीकरण के बाद 35,000 मीट्रिक टन कागज का उत्पादन किया गया था, लेकिन अब उत्पादन प्रक्रिया बंद है। उन्होंने नेपा मिल के मजदूरों के लंबित ग्रेडेशन लाभ और उनकी देनदारियों का जल्द भुगतान करने की भी मांग की। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने इन सभी मुद्दों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में नेपानगर सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के राजाराम पटेल, संजय पवार, शांताराम चौधरी और महेंद्र केशरी शामिल थे।

## सरपंच-सचिवों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, 6 पंचायतों में गबन, रिकवरी की राशि जमा नहीं की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● ग्राम पंचायतों में हुए भ्रष्टाचार के मामले में 6 सरपंच और सचिवों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। यह आदेश न्यायालय जिला पंचायत सीईओ ने जारी किए है। सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने उन सरपंच और सचिवों के खिलाफ आदेश दिए है, जो कि भ्रष्टाचार मामले में दोषी साबित होने के बाद भी गबन का पैसा शासन को जमा नहीं कर रहे थे। इनके खिलाफ पूर्व में वसूली आदेश निकले हुए थे। जिन सरपंचों की गिरफ्तारी होना है, वह पूर्व सरपंच हो गए हैं। जनपद पंचायत पंधाना के तहत ग्राम पंचायत गोडवाडी में साल 2021-2022 में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण का मामला है। राधेलाल के घर से सुनिल पाचोली के घर तक और नाली निर्माण बिहारी के घर से राकेश घर तक कार्य नहीं कराया गया।

मामले में ग्राम पंचायत गोडवाडी की तत्कालीन सरपंच संगीताबाई व सचिव कोमलराम सांगुले के विरूद्ध मप्र पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत आदेश पारित हुए। 13 फरवरी 2024 को 6 लाख 3 हजार रूपए राशि के वसूली आदेश पारित हुए थे। लेकिन सरपंच व सचिव द्वारा वसूली राशि जमा नही कराई गई हैं। दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। जनपद पंचायत पंधाना के तहत ग्राम पंचायत इस्लामपुर में मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों में अनियमितता बरतने के कारण ग्राम पंचायत इस्लामपुर की तत्कालीन सरपंच रामईबाई, सचिव मधु साकले व रोजगार सहायक मुशर्रफ मिया के विरूद्ध आदेश पारित हुए थे। 28 मार्च 2024 को 2 लाख 2 हजार 458 रूपए राशि का वसूली आदेश पारित किया गया। लेकिन सरपंच, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक ने वसूली राशि जमा नहीं कराई।

# विनेश ने संन्यास का फैसला वापस लिया, ओलंपिक खेलना है लक्ष्य

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** • ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने अचानक ही संन्यास से वापसी की घोषणा कर सबको हैंरान कर दिया है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक फाइनल के ठीक पहले अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित किये जाने के बाद हताशा में खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अब विनेश ने अपने संन्यास के फैसले को वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि वह 2028 लॉस एंजिस ओलंपिक में उतरना चाहती है। इसी साल अगस्त में विनेश ने कुश्ती से संन्यास लेकर राजनीति में प्रवेश किया था। वहीं अब वह एक बार फिर से मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। संन्यास से वापसी की जानकारी विनेश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये दी है। विनेश ने अपनी एक भावुक पोस्ट में लिखा, 'लोग आम तौर पर मुझसे पूछते रहते हैं कि क्या पेरिस मेरा आखिरी सफर था? मेरे पास लंबे समय से इस सवाल का जवाब नहीं था। इस दौरान कई साल के बाद मैंने चैन की सांस ली। अपने कार्यभार को समझने के लिए मैंने थोड़ा समय लिया। जीवन



का उतार-चढ़ाव, देखा। मुझे अब भी खेल पसंद है। अब भी मैं प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं।'

विनेश ने पोस्ट में आगे लिखा, 'शांत माहौल में मुझे कुछ ऐसा मिला जिसे मैं भूल गई थी 'आग कभी नहीं बुझती है।' ये केवल थकावट और शोर के नीचे दबी हुई थी। अनुशासन, दिनचर्या, लड़ाई ये मेरे सिस्टम में है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी दूर चली गई, मेरा एक हिस्सा मैट पर ही रहा है। तो मैं यहां हूं, एक ऐसे दिल के साथ जो निडर है और एक ऐसी भावना के साथ जो झुकने से इंकार करता है, अब ओलंपिक की ओर वापस कदम रख रही हूं। और इस बार, मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल हो रहा है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, 2028 ओलंपिक की इस राह पर मेरा छोटा चीयरलीडर होगा।'

तीन बार की ओलंपियन रही विनेश ने एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। 2024 पेरिस ओलंपिक में फाइनल से ठीक एक रात पहले विनेश को अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। तब विनेश ने इसे अपने खिलाफ बड़ी साजिश बताया था। इसके बाद प्रशंसकों और करीब लोगों के समझाने के बाद भी विनेश नहीं मानी और संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद विनेश ने हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ा था और जुलाना सीट से 6,000 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

# वैभव के तूफान में उड़ा यूएई, अंडर-19 एशिया कप के पहले मैच में 234 रन से जीता भारत

**दुबई (एजेंसी)** •वैभव सूर्यवंशी (171) की विस्फोटक शतकीय, ऐरन जॉर्ज (69) और विहान मल्होत्रा (69 रन और एक विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को भारत ने अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप-ए के पहले मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को 234 रन से हराया। 434 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम पृथ्वी मधु 87 गेंदों में (50) और उद्दीश सुरी 106 गेंदों में (नाबाद 78) की जुझारू पारियों के बावजूद निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 199 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। इससे पहले टॉस जीतकर संयुक्त अरब अमीरात ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में कप्तान आयुष म्हात्रे का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऐरन जॉर्ज ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 212 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपना शतक 56 गेंदों में पूरा किया। 28वें ओवर में यायिन राय ने ऐरन जॉर्ज को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का



तीसरा विकेट वैभव के रूप में 33वें ओवर में गिरा। वैभव ने 171 रनों की पारी खेली। इसके बाद वेदांत त्रिवेदी (38) और विहान मल्होत्रा (69) रन बनाकर आउट हुए। कनिष्क चौहान (28) छठे विकेट के रूप में आउट हुए। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 433 रन बनाए।

# 'शहजादी है तू दिल की' का नया प्रोमो रिलीज



**मुंबई (एजेंसी)** • स्टार प्लस के शो शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज हो गया है। स्टार प्लस हमेशा से ही दर्शकों के लिए अलग और याद रहने वाली कहानियां लाने के अपने वादे पर कायम रहा है। टेलीविजन के कुछ सबसे आइकॉनिक और ट्रेंड सेट करने वाले शो देने वाला यह नंबर-वन चैनल अब एक बार फिर एक दमदार कहानी लेकर लौटा है, अपने नए ड्रामा 'शहज़ादी है तू दिल की' के रूप में। यह शो, जिसका हाल ही में प्रीमियर हुआ है, अपनी दिलचस्प कहानी और गहरी भावनाओं के कारण दर्शकों को शुरू से ही बाँधने में सफल रहा है। मौजूदा ट्रैक में हम देखते हैं कि दीपा, अपने पति की तलाश में हैदराबाद पहुँचती है, लेकिन वहाँ उसे एक ऐसा सच पता चलता है जो उसकी पूरी ज़िंदगी हिला देता है, दरअसल उसका पति उसे शुरू से ही झूठ बोलता आ रहा था। दीपा की यह यात्रा एक बड़े सवाल को सामने लाती है कि इतने बड़े धोखे के बाद क्या वह फिर कभी किसी पुरुष पर भरोसा कर पाएगी? शो के नए प्रोमो में कहानी भावनात्मक मोड़ लेती है।

# डिजिटल स्पेस बदला है, खत्म नहीं हुआ : प्राजक्ता

**मुंबई (एजेंसी)** • एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली कहा कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में यह पहले से कहीं ज्यादा व्यापक, तेज और अनिश्चित हो गया है। प्राजक्ता ने बताया कि डिजिटल स्पेस बदला है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दस-ग्यारह साल पहले जब उन्होंने शुरुआत की थी तब केवल लॉन्ग-फॉर्म वीडियो ही चलते थे, लेकिन आज दर्शकों का ध्यान कई प्लेटफॉर्म्स में बंट चुका है। नए-नए फॉर्मेट्स और ट्रेंड्स लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे क्रिएटर्स को भी खुद को लगातार अपडेट रखना पड़ता है। उन्होंने 2017 के डिजिटल बूम को इंडस्ट्री का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया और कहा कि इसी बूम की वजह से आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है, जहां हर बड़ा ब्रांड भारतीय कंटेंट क्रिएटर्स के साथ काम करना चाहता है। अपनी जर्नी को वह पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताती हैं। उनके मुताबिक डिजिटल इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप, पैटर्न या रिदम नहीं होता। कभी कुछ वीडियो अच्छा चल जाते हैं और लगता है कि सब सेट हो गया, लेकिन अगला वीडियो आते-आते हालात पूरी तरह बदल सकते हैं।



## उज्जैन संभाग

# 10 हजार फीट से छलांग लगाकर देखें महाकाल की नगरी, पहले दिन 100 से अधिक पर्यटकों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने शुक्रवार से स्काई डाइविंग फेस्टिवल के पांचवें संस्करण की शुरुआत कर दी। दताना एयरस्ट्रिप पर शुरू हुआ यह आयोजन 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें पर्यटक 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी का अद्भुत दृश्य देख सकेंगे। दताना एयरस्ट्रिप पर एमपी पर्यटन बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर और संयुक्त संचालक (एडवेंचर) डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने फेस्टिवल की शुरुआत की। स्काई डाइविंग के पहले ही दिन उज्जैन और अन्य शहरों से करीब 100 एडवेंचर प्रेमियों ने पंजीयन कराया। बेडेकर ने बताया कि यह स्काई डाइविंग का पांचवां संस्करण है। इसमें लोग 10 हजार फीट की ऊंचाई से रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। देश के विभिन्न बड़े शहरों से एडवेंचर प्रेमी उज्जैन पहुंच रहे हैं।



### 30 हजार रुपए प्लस जीएसटी फीस

पिछले चार सफल आयोजनों और बढ़ती मांग को देखते हुए इस साल फेस्टिवल को दो माह तक किया जा रहा है। चार संस्करणों में 700 से अधिक लोगों ने स्काई डाइविंग का अनुभव लिया था। इस बार डाइविंग की फीस 30 हजार रुपए प्लस जीएसटी रखी गई है। गतिविधि प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इच्छुक प्रतिभागी अपनी बुकिंग वेबसाइट के माध्यम से करा सकते हैं।

### प्रतिभागियों ने बताया 'अद्भुत और यादगार'

मुंबई से आई वोसाली ने कहा कि स्काई डाइविंग उनके जीवन का सबसे अनोखा अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि पहली बार होने के बावजूद उन्हें डर नहीं लगा और ट्रेनर्स का सहयोग शानदार रहा। महिदपुर के ऋषि गादिया ने भी 10 हजार फीट की ऊंचाई से शहर को देखना 'अविस्मरणीय क्षण' बताया।

# महाकाल मंदिर के अतिथि निवास में अब 24 घंटे मिलेगा बेसन और रागी का लड्डू प्रसाद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का लड्डू प्रसाद अब 24 घंटे उपलब्ध हो सकेगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने हरसिद्धि मंदिर के पास अतिथि निवास के बाहर एक काउंटर शुरू किया है। अब तक महाकाल परिसर में सुबह 6 से रात 11 बजे तक ही काउंटर पर लड्डू प्रसाद मिलता था।

श्रद्धालु बेसन के साथ रागी से बनाए लड्डू प्रसाद किसी भी समय प्राप्त कर सकें, इसके लिए यह शुरुआत की है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि भस्मआरती में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ शयन आरती के बाद भी लड्डू प्रसाद मिलेगी। इसकी सतत उपलब्धता बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। एफएसएसएआई ने महाकाल मंदिर के लड्डू प्रसाद को 2021 में भोग प्रमाण पत्र जारी किया है, जो प्रसाद की शुद्धता और स्वच्छता के लिए दिया जाता है। लड्डू यूनिट को हाइजीन रेटिंग में एफएसएसएआई से फाइव-स्टार रेटिंग मिली है, जो चुनिंदा मंदिरों को मिलती है। लड्डू शुद्ध देसी घी, बेसन और ड्रायफ्रूट्स से बनाए जाते हैं। परिसर में ही दाल से बेसन बनाने के लिए चक्की भी है। लड्डू यूनिट में साफ-सफाई और गुणवत्ता नियंत्रण का पालन किया जाता है, जिसमें हर घंटे सफाई होती है। सभी कच्ची सामग्री का



भोपाल स्थित लैब में नियमित परीक्षण होता है। शुद्धता प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही प्रसाद बनाया जाता है। खाद्य सुरक्षा : मंदिर समिति खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करती है और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित निरीक्षण करते हैं। मंदिर में चार काउंटर पर मिलता है प्रसाद महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद की उपलब्धता के लिए चार काउंटर हैं। एक ओंकारेश्वर मंदिर के सामने परिसर में, दूसरा निर्गम द्वार के पास, तीसरा गेट नंबर 1 के पास और चौथा प्रशासकीय कार्यालय के सामने। यहां से प्रतिदिन 20 से 30 क्विंटल लड्डू प्रसाद भक्त ले जाते हैं। पर्व, त्योहार और उत्सवों पर इसकी मात्रा 50 से 70 क्विंटल तक पहुंच जाती है।

# परस्पर सहकारी संस्था कार्यालय के ताले टूटे, कई दस्तावेज गायब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • दीनदयाल परस्पर सहकारी शाख संस्था मर्यादित के शहीद पार्क स्थित कार्यालय के ताले टूटने और रिकॉर्ड गायब होने का मामला सामने आया है। पेढ़ी के प्रबंधक, अध्यक्ष और संचालक मंडल ने माधवनगर थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

प्रबंधक शैलेंद्रसिंह पंवार और अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी ने आवेदन में लिखा है कि शहीद पार्क स्थित 26 बैताल मार्ग भवन की मंजिल पर पिछले करीब 30 वर्षों से संस्था का कार्यालय संचालित किया जा रहा है। कार्य विस्तार के बाद कुछ समय से संस्था का वित्तीय कामकाज पास में ही मूंज मार्ग फ्रीगंज में किया जा रहा है, लेकिन रिकॉर्ड व स्टोर रूम पुराने वाले ही कार्यालय पर है। हाल ही में 9 दिसंबर 25 की शाम को जब संस्था का कर्मचारी सचिन बैस रिकॉर्ड लेने कार्यालय पहुंचा तो वहां के ताले टूटे और रिकॉर्ड गायब मिला।

घटनास्थल वाला पूरा भवन विश्व हिंदू परिषद न्यास का है। यहां दीनदयाल परस्पर सहकारी शाख संस्था मर्यादित किराएदार के रूप में है। इस संस्था के अलावा आरएसएस की विचारधारा से जुड़े एक अन्य संगठन के पदाधिकारी भी यहां के किराएदार हैं, जो अब चाहते हैं कि पेढ़ी का खाली कार्यालय इन्हें मिले। जबकि पेढ़ी के पदाधिकारी ऐसा करने के पक्ष में नहीं है। ये सब भी भाजपा व संघ से जुड़े लोग हैं। उनका मानना है कि वे अब तक न्यास व इसके पदाधिकारियों को ही किराया देते आए हैं तो कब्जा दूसरे को कैसे दे दें। इधर, माना ये जा रहा है कि दूसरे पक्ष ने ही यहां अपना आधिपत्य जमाने का प्रयास किया है। जो कि ताले टूटने की घटना के रूप में सामने आया है। टीआई राकेश भारती ने बताया आवेदन आया है। दोनों ही पक्ष कार्यालय पर कब्जा रखना चाहते हैं। जांच जारी है। अध्यक्ष सोनी ने कहा संस्था के 30 साल पुराने कार्यालय से रिकॉर्ड गायब किया है। पदाधिकारियों को भी अवगत करवाएंगे।

# शिप्रा तट पर हुआ सामूहिक विवाह, 15 जोड़े बने जीवनसाथी; संतों ने आशीर्वाद दिया और सेवालय व नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ भी हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन के शिप्रा तट स्थित रणजीत हनुमान मंदिर के सामने श्री रामनाथ जी सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस निशुल्क आयोजन में उज्जैन और आसपास के जिलों से आए 15 जोड़ों ने सात फेरे लेकर विवाह संस्कार पूरे किए।

समारोह में शहर और अखाड़ों के कई संत-महंत मौजूद रहे। भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर महावीरनाथ महाराज, महंत रामेश्वरदास महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

इसी अवसर पर सेवालय, वृद्धाश्रम और नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ भी किया गया।



कार्यक्रम में भगवान तिरूपति की प्राण-प्रतिष्ठा भी विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गई, जिसकी पूजा पं. श्रीराम शर्मा बड़वाई ने करवाई।

विवाह समारोह में बड़ी संख्या में दोनों पक्षों के परिजन शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की धुन पर परिवारों ने रस्में निभाई और वातावरण आनंदमय रहा। विवाह के बाद समिति और संतों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद के साथ विभिन्न सामग्री और आभूषण भेंट किए।

न्यूज ब्रीफ

## माध्यमिक तथा प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2024 के दस्तावेज अपलोड की सूचना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित माध्यमिक शिक्षक विषय खेल, गायन, वादन तथा प्राथमिक शिक्षक खेल, गायन, वादन, नृत्य चयन परीक्षा वर्ष 2024 के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सूचना जारी की है। सूचना में बताया गया है कि परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों में से जिन अभ्यर्थियों ने अब तक दस्तावेज अपलोड नहीं किये हैं अथवा उनका नाम पोर्टल trc.mponline.gov.in पर दस्तावेज सत्यापन के लिये समय-सारणी की सूची में नहीं है। उक्त शिक्षक 16 एवं 17 दिसम्बर 2025 को पोर्टल trc.mponline.gov.in पर प्रोफाइल पंजीयन कर दस्तावेज अपलोड करने के लिये कहा गया है। अभ्यर्थी 18 दिसम्बर 2025 को उनके द्वारा चयनित जिलों में दस्तावेज सत्यापन के लिये उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी पोर्टल trc.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

## बीएड योग्यताधारी नवनियुक्त शिक्षकों के लिये सूचना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●लोक शिक्षण संचालनालय ने जानकारी दी है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील और उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के क्रम में प्राथमिक शिक्षक पात्र परीक्षा वर्ष 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिये नेशनल ओपन स्कूल (एनआईओएस) द्वारा ब्रिज कोर्स की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। संबंधित शिक्षक 25 दिसम्बर 2025 तक एनआईओएस के पोर्टल पर https://bridge. nios.ac.in समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन न कराने वाले अथवा निर्धारित समय-सीमा में ब्रिज कोर्स उत्तीर्ण न करने वाले शिक्षकों की नियुक्ति न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जारी नहीं रखी जा सकेंगी।

### इंदौर के हक की अरबों की राशि पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# चोइथराम चैरिटेबल ट्रस्ट की बड़ी जीत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चोइथराम चैरिटेबल ट्रस्ट (CCT), जो 1972 से इंदौर में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल संचालित कर रहा है, वर्षों से अपनी वैधानिक फंडिंग को लेकर संघर्ष कर रहा था। ट्रस्ट के संस्थापक स्व. ठाकुरदास चोइथराम पगारानी ने विदेश में 'Choithram International Foundation (CIF)' की स्थापना ट्रस्टों को वित्तीय सहायता देने हेतु की थी।

शिकायत के अनुसार CIF के फंड और निवेश अरबों रुपये के हैं, जिनमें CCT का लगभग एक-चौथाई (21,000 करोड़ अनुमानित) हिस्सा बताया गया है।

CCT के चेयरमैन एवं मैनेजिंग ट्रस्टी सतीश मोतीयानी ने आरोप लगाया कि यह राशि कभी CCT तक नहीं पहुंचाई गई और चार व्यक्तियों- लेखराज पगारानी, किशोर पगारानी,



रमेश थानवानी और दयाल दतवानी—ने, अपने CCT के ट्रस्टी/पूर्व ट्रस्टी के पद पर रहते हुए, CIF से संबंधित सूचनाएँ और संपत्तियाँ छुपाईं तथा 'Choithram' जैसे महत्त्वपूर्ण ट्रेडमार्क विदेशी कंपनियों में दर्ज कराए।

इन चारों ने इंदौर के रजिस्ट्रार, लोक न्यास द्वारा की जा रही कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका दावा था कि यह मामला विदेशी संपत्तियों से जुड़ा होने के कारण रजिस्ट्रार की सीमा से बाहर है और कार्यवाही अमान्य है। लेकिन हाईकोर्ट ने 05.12.2025 के विस्तृत आदेश में इन सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया और साफ कहा कि—

- कार्यवाही एमपी पब्लिक ट्रस्ट्स एक्ट, 1951 की धारा 26 के तहत पूरी तरह वैध और बनाए रखने योग्य है।
- एक कार्यकारी ट्रस्टी द्वारा शिकायत दायर करना विधि सम्मत है।
- आरोप गंभीर हैं और रजिस्ट्रार को अपनी वैधानिक प्रक्रिया आगे बढ़ानी चाहिए।
- विदेशी संपत्ति का तर्क प्रारंभिक जांच को नहीं रोकता।

इस आदेश के बाद अब मामला धारा 26 और 27 के तहत रजिस्ट्रार द्वारा आगे बढ़ेगा, और आवश्यक होने पर विस्तृत सुनवाई के लिए जिला न्यायालय भेजा जा सकता है। ट्रस्ट संपत्तियों की पारदर्शिता और संरक्षण की दिशा में यह निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पंचायत उप निर्वाचन को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जनपद पंचायत इन्दौर की ग्राम पंचायत तिल्लौर खुर्द तथा रंगवासा, जनपद पंचायत डॉ. अम्बेडकर नगर महू की ग्राम पंचायत कोदरिया एवं जनपद पंचायत देपालपुर की ग्राम पंचायत बान्याखेडी और पीर पिपल्या में निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इसको देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने उक्त क्षेत्रों के लिए अनेक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार संबंधित क्षेत्र में बगैर अनुमति के धरना, जुलूस, प्रदर्शन, रैली, आमसभा आदि को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही अस्त्र-शस्त्र धारण करने और उसके प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सोशल मीडिया पर तनाव फैलाने वाले पोस्ट करने तथा कमेंट करने आदि को भी प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही कहा गया है कि उक्त क्षेत्रों में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का सख्ती से पालन करें। निर्धारित मानक के अनुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें और इसके लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेंवे।

## कांग्रेस के प्रदर्शन पर एफआईआर ; अमित पटेल, विपिन वानखेड़े व अन्य बने आरोपी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर कलेक्टोरेट पर सोमवार को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन को लेकर अब FIR दर्ज हो गई है। थाना पंढ़रीनाथ में कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह प्रदर्शन शहर में बढ़ते ड्रग्स कारोबार, खराब ट्रैफिक व्यवस्था की खामियों को लेकर हुआ था।

**इन सभी के खिलाफ हुआ केस**-स्त्रद्बक्र में लिखा है कि 8 दिसंबर को युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में इंदौर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान अमन पटवारी, विपिन वानखेडे, निखिल वर्मा, दानिश खान एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान इन लोगों के बैरिकेड के उपर चढकर कलेक्टर कार्यालय



मे प्रवेश करने का प्रयास किया गया। आम मार्ग पर बाधा पैदा कर आमजन का रास्ता रोका।

**इन धाराओं में हुआ केस** - केस में लिखा है कि बिना मंजूरी के DJ वाहन MP04GA4853 और MP09KA5390 पर ष्छ्ठ साउंड सिस्टम से तेज आवाज में बजाया गया। पुलिस कमिशनर के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन है। इन आरोपियों के विरुद्ध धारा 126(2), 223 बीएनएस 2023 का केस किया जाता है।

**इन नेताओं ने किया था प्रदर्शन**-युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ था। इसमें शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े व अन्य नेता शामिल हुए। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थे। इस पर चढ़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान पहले हल्का लाठीचार्ज हुआ और जब नहीं हटे तो वाटर कैनन का उपयोग किया गया था।

**इसलिए किया गया आंदोलन**-युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शहर में अपराध, नशे का कारोबार और भ्रष्टाचार बेकाबू हो चुके हैं। इसके बाद भी इंदौर पुलिस और प्रशासन सुस्त है। कार्यकर्ता हाथों में इंदौर में बढ़ते अपराध पर बढ़ती बेचैनी... अब जवाब चाहिए! तख्तियां लेकर पहुंचे थे।

युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल ने कहा कि इंदौर में चोरी-लूट, महिलाओं की सुरक्षा, नशा माफिया और युवाओं की बढ़ती लत पर प्रशासन असफल है। उन्होंने नशा मुक्त इंदौर अभियान चलाने और नशा माफिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## इंदौर में एसआईआर के कारण चोर गिरफ्तार, महाराष्ट्र से लेने आया था साल 2003 का डाटा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान एक आरोपी पकड़ा गया। यह आरोपी लंबे समय से फरार था। वह सौ से ज्यादा अपराधों का आरोपी था। यह आरोपी महाराष्ट्र से इंदौर अपने साल 2003 के वोटर कार्ड के रिकार्ड के लिए आया था।

**पुलिस ने अपराध खंगाले तो 100 से ज्यादा निकले**- इंदौर की पलासिया थाना पुलिस ने आरोपी अब्दुल रशीद उर्फ तलवार सिंह को गिरफ्तार किया है। वह 2003 का डाटा लेने के लिए इंदौर आया था। यहां पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दर्ज मामलों की जब पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी पर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 100 से अधिक अपराध दर्ज



हैं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। डीसीपी राजेश व्यास ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि एसीपी तुषार सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी। इसमें थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह, एसआई सुधीर शर्मा, रिंकू राजपूत, सोनू मालवीय, अभिषेक सिंह, अमृत यादव के साथ सायबर टीम के जितेंद्र सिंह, विकास, अमित व अंकित मोरे व अन्य शामिल थे। यह पुलिस की बड़ी सफलता है। आरोपी पर दस हजार का इनाम था।

**इस तरह से इंदौर से हुआ था फरार**-इंदौर की पलासिया थाना पुलिस ने गीता नगर में हुई चोरी के मामले में अब्दुल रशीद को गिरफ्तार किया। अब्दुल रशीद से पूछताछ और पुराने आपराधिक मामलों की जांच की गई। पता चला कि आरोपी पर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में चोरी, हत्या और हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं।

आरोपी का जन्म इंदौर के नार्थ तोड़ा में हुआ था और वह यहीं पर छोटी-मोटी चोरी कर रहा था। लेकिन इसके बाद जब इंदौर में पुलिस की नजरों में आया तो वह महाराष्ट्र के अकोला में जाकर चोरी करने लगा। खुद को फेमस करने के लिए आरोपी ने वर्धा महाराष्ट्र में एक व्यक्ति की तलवार से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी।

### आज नेशनल लोक अदालत

## नगर निगम संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में दे रहा 100% तक की छूट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में नगर निगम में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। नगर निगम संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में 100% तक की छूट दे रही है। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय और जोनल कार्यालय पर देर तक कैश काउंटर खुले रहेंगे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव व राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के तहत राज्य शासन निर्देशानुसार निगम के सभी जोनल ऑफिस, निगम मुख्यालय पर 13 दिसंबर, शनिवार को नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर सरचार्ज में शर्तों पर छूट दी जा रही है।

महापौर एवं आयुक्त ने शनिवार को निगम मुख्यालय व जोनल ऑफिसों पर आयोजित नेशनल लोक अदालत में सरचार्ज में छूट का लाभ लेने के लिए संपति करदाता व जल करदाताओं से अपील की है कि वे इस नेशनल लोक अदालत में आकर संपति कर व जलकर जमा कराए तथा सरचार्ज में छूट का लाभ लेकर शहर विकास में सहयोग करें। लोगों की सुविधा हेतु आयोजित लोक अदालत में सभी कैश काउंटर पर बकाया करों का भुगतान ऑनलाइन एवं डिजिटल पद्धति से किया जाएगा, साथ ही आयोजित नेशनल लोक अदालत में अंतिम करदाता तक निगम के समस्त कैश काउंटर खुले रहेंगे।

## नगर निगम ने राजबाड़ा पर लगाए बकायादारों के नाम, पूर्व पार्षद अनवर डकैत भी शामिल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम ने संपत्तिकर बकायादारों के नाम अब सार्वजनिक करना शुरू कर दिए हैं। इसके लिए निगमायुक्त दिलीप यादव ने नई मुहिम शुरू की। उन्होंने इंदौर के मध्य स्थल राजवाड़ा पर पोस्टर-बैनर लगवाए। इन पर नाम चस्पा करवा दिए गए। अभी यह मुहिम जोन 3 के तीन वार्ड को लेकर की गई है। इसमें वार्ड 56, 57 व 58 के बड़े बकायादारों के नाम चस्पा हुए हैं।

जोन 3 के एआरओ अनिल निकम ने बताया कि- संपत्तिकर को लेकर लगातार नोटिस दे रहे थे। लेकिन जमा नहीं कराने पर नाम सार्वजनिक हुए हैं। जोन 3 में करीब 60 बड़े बकायादार है जिनके नाम लगाए गए हैं। यह वह है जिन पर एक लाख व इससे अधिक की राशि बकाया है।




निगमायुक्त की मंशा है कि लोग नेशनल लोक अदालत में आएं। वे संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज की छूट का लाभ उठाकर बकाया राशि जमा करें। यह उनकी लिस्ट है जिन्होंने पांच साल से टैक्स नहीं भरा है। इस लिस्ट में पूर्व पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत और उसकी पत्नी जुलेखा बी का नाम भी है। लिस्ट के मुताबिक 3 लाख 66 हजार 622 रुपए का टैक्स बकाया इन पर बकाया है। हाल ही में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने उन्हें पार्षद पद से हटाने और पांच साल तक निर्वाचन लड़ने से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए थे। हालांकि अभी कादरी ने इस फैसले के खिलाफ राज्य स्तर पर अपील की है।

**टैक्स जमा नहीं तो होगी कुर्की**-इंदौर में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम में हो रहा है। यह सभी बकायादार है। यदि आने वाले समय में राशि नहीं भरी जाती है तो फिर निगम और सख्ती करते हुए कुर्की की कार्रवाई करेगा।

## आवासहीनों को आवास निर्माण के लिए दिए गए 74 लाख रुपये

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 बीएलसी घटक के अंतर्गत चयनित 74 हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 74 लाख रुपये दिए गए हैं। इस राशि का वितरण जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर में आयोजित कार्यक्रम में स्वीकृति पत्र के माध्यम से किया। प्रत्येक हितग्राही को प्रथम किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की राशि अंतरित की गई। सांवेर नगर परिषद में 98 हितग्राहियों का चयन किया गया है। इनमें से प्रथम DPR के अनुसार चयनित 74 पात्र हितग्राहियों को उनके आवास निर्माण हेतु प्रथम किश्त की राशि दी गई। मंत्री सिलावट ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहर में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम जनता को सीधी राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ काम कर रहा है। हाल ही में बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं की समीक्षा की है तथा पानी, सड़क, बिजली, सफाई और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'जनता के सपनों को पूरा करने वाली सरकार' है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'डबल इंजन की सरकार' समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

**मिलेगी सौगात** जनवरी में सीएमआरएस निरीक्षण की तैयारी, शहरवासियों का जल्द खत्म होगा इंतजार

# फरवरी-2026 में मेट्रो से रेडिसन चौराहे तक का कर सकेंगे सफर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रेडिसन चौराहे तक मेट्रो रेल चलाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। नए साल में शहरवासियों को रेडिसन चौराहे तक मेट्रो के सफर की सौगात मिलने जा रही है। वर्तमान में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल शहीद पार्क रोबोट चौराहे तक किया जा रहा है। वहीं, मेट्रो स्टेशन काम भी तेजी पूरा करने निर्देश मेट्रो रेल के एमडीए एस. कृष्ण चैतन्य ने दिए हैं। प्रतिदिन 3 से 5 बार मेट्रो ट्रायल किया जा रहा है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार शहरवासियों को फरवरी-2026 में



मेट्रो के सफर की सौगात मिल सकती है। इससे पहले जनवरी में मुख्य मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से निरीक्षण करवाने तैयारी कॉर्पोरेशन कर रहा है। निरीक्षण के बाद मेट्रो संचालन के लिए सीएमआरएस क्लीयरेंस देंगे। ट्रायल और सिग्नल मैपिंग जारी - सूत्रों की मानें तो मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा वर्तमान में ट्रैक पर सिग्नल मैपिंग, कंट्रोलिंग, ऑपरेशन, स्पीड मैपिंग, सॉफ्टवेयर वेरिफिकेशन, सिविल वर्क सहित अन्य कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जिसकी टेस्टिंग की जा रही है। कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जनवरी में माह में सीएमआरएस निरीक्षण के शेड्यूल का प्लान किया जा रहा है। मेट्रो रेल एमडी का फोकस हीरानगर, सुखलिया, मेघदूत गार्डन, विजयनगर और रेडिसन चौराहे का निर्माण पूरा करने पर है। स्टेशन के अंदर का काम पूरा हो चुका है, बाहरी तौर साज-सज्जा की जा रही है। इसके साथ मेट्रो स्टेशन की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई के साथ ग्लास वर्क किया जा रहा है। उक्त स्टेशन तक पहुंचने के लिए एप्रोच का निर्माण जारी है, जिसकी गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों की मानें तो मेट्रो स्टेशन का काम 10 जनवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। गांधीनगर से टीसीएस मेट्रो स्टेशन के तक फरवरी-2025 में निरीक्षणकिया गया था, जिसमें क्लीयरेंस के लिए एक माह समय लगा था, लेकिन अब इसमें अधिक समय नहीं लगेगा, क्योंकि कईतकनीकी क्लीयरेंस एक बार मिलने के बाद दूसरी इसकी आवश्यकता नहीं होगी, इसलिए 15 दिनों में इंदौर को टीसीएस मेट्रो स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो संचालन की अनुमति मिल जाएगी।

## महापौर पुष्यमित्र भार्गव बनेंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,आज सूरत में आयोजित कॉन्फ्रेंस में लेंगे शपथ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महापौर पुष्यमित्र भार्गव को ऑल इंडिया मेयर कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे आज 13 दिसम्बर को गुजरात के सूरत में होने वाली राष्ट्रीय बैठक में नए पद की शपथ लेंगे।

अखिल भारतीय महापौर परिषद की 116वीं कार्यकारिणी बैठक 13 व 14 दिसम्बर को सूरत में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में देशभर के महापौर हिस्सा लेने सूरत पहुंचे है। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इसमें शामिल होंगे एवं राष्ट्रीय स्तर पर



उपाध्यक्ष पद ग्रहण करेंगे।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संगठन को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही परिषद के प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण और आगे महापौरों के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।